Publication: Avadhnama	Edition: Lucknow
Date: December 22, 2016	Page: 14

एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर को मिले 100 करोड़ रूपए से ज्यादा के ऑर्डर

मुम्बई। भारत की प्रतिष्ठित इलेक्ट्रिक उपकरण बनाने वाली कम्पनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड (एक ÷कम्पनी÷, एनएसईः सिम्बल एचपीएल, बीएसई स्क्रिप कोड 54136) को सौ करोड़ रूपए से अधिक के ऑर्डर मिले है। इनमें 70 करोड़ का ऑर्डर भोपाल स्मार्ट सिटी लाइटिंग प्रोजेक्ट का है और 33 करोड़ का ऑर्डर सर्दन पावर डिस्ट्रीब्यूशन से एनर्जी मीटर के लिए है।

एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सेठ ने इस अवसर पर कहा कि हम भोपाल स्मार्ट सिटी लाइटिंग का ऑर्डर प्राप्त कर बहुत खुश है और अपनी आर एंड टी टीम के प्रयासों की सरहाना करते हैं, जिनके प्रयासों से यह सम्भव हो पाया। एचपीएल में हमारे पास पूरी तरह समर्पित टीम है जो बिजली की कम खपत के लिए स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने के प्रयसों में जुटी है। यह ऑर्डर लाइटिंग के क्षेत्र में हमारी अनूठी तकनीक का पुरस्कार है, जिसने हमें दूसरों से उपर बना रखा है। हमें सर्दन पावर डिस्ट्रीब्यूषन से एनर्जी मीटर्स का 33 करोड़ रूपए का ऑर्डर और मिला है।